अंजनी के लाला सुनो दिन दयाला,
शरण पड़ा हूँ मुझे देदो सहारा,
तेरा द्वारा सबसे न्यारा,
लगता मुझको प्यारा,
अंजनी के लाला सुनो दिन दयाला,
शरण पड़ा हूँ मुझे देदो सहारा।।

तर्ज झिलमिल सितारों का आँगन होगा।

सालासर तेरा भवन बिराजे,
महिमा है अति भारी,
झालर शंख नगाड़ा बाजे,
पूजे नर और नारी,
मेरी भी अर्जी सुन लेना बाबा,
शरण पड़ा हूँ मुझे देदो सहारा,
अंजनी के लाला सुनो दिन दयाला।।

संकट मोचन नाम तुम्हारा,
संकट दूर हटा दो,
भव सागर से पार मेरी,
नैया तो लगा दो,
जीवन पथ को करो उजियारा,
शरण पड़ा हूँ मुझे देदो सहारा,
अंजनी के लाला सुनो दिन दयाला।।

अंजनी के लाला सुनो दिनदयाला,
शरण पड़ा हूँ मुझे देदो सहारा,
तेरा द्वारा सबसे न्यारा,
लगता मुझको प्यारा,
अंजनी के लाला सुनो दिन दयाला,
शरण पड़ा हूँ मुझे देदो सहारा।।

Source: https://www.bharattemples.com/anjani-ke-lala-suno-dindayala/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw